राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 2881 / 2023 दिनांकः 18 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः मिडटर्म परीक्षा कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः आर0एम0पी0यू0 / 2822 / 2023 दिनांकः 08 दिसम्बर, 2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा मिडटर्म परीक्षा के अंक अपलोड करने की अंतिम तिथि 14.12.2023 निर्धारित की गयी थी। परन्तु अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा मिडटर्म परीक्षा के अंक अपलोड नहीं किये गये है।

निर्देशानुसार यह सुनिश्चित करें कि मिड सेमेस्टर की परीक्षा प्रयोगात्मक परीक्षा से पूर्व अवश्य करा ली जाये। मिडटर्म परीक्षा के अंक अपलोड किये जाने के उपरान्त ही प्रयोगात्मक परीक्षा के अंक अपलोड हो सकेंगें।

अतः मा0 कुलपति जी आदेशानुसार पुनः निर्देशित किया जाता है कि महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम की मिडटर्म परीक्षा दिनांकः 22.12.2023 तक अनिवार्य रूप से सम्पन्न कराकर उसके अंक महाविद्यालय लॉगिन पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपलोड करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,
18/12
डॉ0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा / अलीगढ़ परिक्षेत्र।
3. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उक्त महत्वपूर्ण सूचना को अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र में छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. प्रभारी, वेबसाइट को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करें।
5. गार्ड फाईल।

18-12-23
सहा0 कुलसचिव